बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

373
21/04/2020

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी Front Line Business Solution Pvt.Ltd. को भोजपुर जिले में कुशल युवा केन्द्र संचालित किये जाने हेतु पंजीकृत किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को KYP code 06010009, को संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी । कालान्तर में श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे भोजपुर जिला अन्तर्गत अवस्थित KYP code 06010009 केन्द्र का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं । आवेदन पत्र में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि केन्द्र के अधिष्ठापन करने हेतु सम्पूर्ण व्यय का वहन उनके द्वारा किया गया है। साथ हीं उनके द्वारा Front Line Business Solution Pvt.Ltd. के साथ एक हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी है, जिसमें प्रथम पक्ष Front Line Business Solution Pvt.Ltd एवं द्वितीय पक्ष श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी, जिला–भोजपुर के बीच 30:70 Revenue sharing का उल्लेख किया गया है ।

श्री सत्यप्रकाश से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–883 दिनांक–26.07.2019 के द्वारा निदेशक, Front Line Business Solution Pvt.Ltd से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में Front Line Business Solution Pvt.Ltd के द्वारा अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया ।

अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि संस्था द्वारा उक्त केन्द्र को Franchisee mode में चलाने हेतु किसी भी प्रकार का एकरारनामा नहीं किया गया है।

श्री सत्यप्रकाश के द्वारा समर्पित एकरारनामा की प्रति से स्पष्ट होता है कि प्रथम पक्ष Front Line Business Solution Pvt.Ltd एवं द्वितीय पक्ष श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी, जिला–भोजपुर के बीच 30:70 Revenue sharing के आधार पर यह केन्द्र संचालित है ।

सभी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात यह प्रमाणित होता है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत अवस्थित कुशल युवा केन्द्र KYP code 06010009 Front Line Business Solution Pvt.Ltd के द्वारा सीधे तौर पर संचालित नहीं है । अपितु इसका संचालन श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी के द्वारा किया जा रहा है । Franchisee mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बंटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है । Front Line Business Solution Pvt.Ltd के द्वारा बिचौलिये की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए हानिकारक है । उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में कुशल युवा केन्द्र KYP code 06010009 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्ता श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी के नाम पर परिवर्तित करने का आदेश दिया जाता है । श्री सत्यप्रकाश को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–Organisation name, Center name, Owner name,Pan details,Bank account details,email ID एवं मोबाईल नं0 की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके ।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

21.04.2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक–BSDM/SDM–48/2019 — 373 पटना,दिनांक– 21/04/2020

प्रतिलिपि– (1) निदेशक, Front Line Business Solution Pvt.Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) श्री सत्यप्रकाश, सचिव, मालती टेक्निकल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाईटी जिला–भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) जिला नियोजन पदाधिकारी,भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) Project Director, MKCL/Project Director,E&Yको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक(समन्वय)/ SPMU Incharge भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(7) जिला कौशल प्रबंधक, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21-04-2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

Scanned with CamScanner